**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की वित्त समिति की दिनांक 14.06.2021 को अपरान्ह 03:00 बजे सम्पन्न 15वीं बैठक का कार्यवृत्त।**

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुएः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 समशेर<br>कुलपति<br>एवम्<br>अध्यक्ष, वित्त समिति<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री कृपा शंकर सिंह<br>(प्रतिनिधि, सचिव,प्राविधिकशिक्षा विभाग)<br>विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–1<br>उ0प्र. शासन लखनऊ | सदस्य<br>(वर्चुअल प्रतिभाग) |
| 3. | श्री अजय जौहरी<br>(प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव वित्त)<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन,<br>कानपुर मण्डल कानपुर। | सदस्य |
| 4. | डा0 नीरज कुमार सिंह<br>कुलसचिव,<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 राम नरेश<br>वित्त नियंत्रक,<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य–सचिव |
| 6. | श्रीमती ऐश्वर्या<br>वित्त एवं लेखाधिकारी<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |

समिति की बैठक सदस्यों के परिचयोपरान्त मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से प्रारम्भ हुई।

15.01 **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 23/03/2021 को अपरान्ह 02:00 बजे सम्पन्न 14वीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

समिति द्वारा दिनांक 23.03.2021 को सम्पन्न 14वीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त पर किसी सदस्य से कोई टिप्पणी/टीकायें प्राप्त न होने के दृष्टिगत पुष्टीकरण किया गया।

**15.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 23/03/2021 को सम्पन्न 14वीं वित्त समिति की बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

समिति ने वित्त समिति की दिनांक 18.09.2020 को सम्पन्न 13वीं एवं 14वीं बैठक में लिए निर्णयों पर कृत कार्यवाहियों को संज्ञान में लिया तथा कृत कार्यवाही के अधीन निम्नवत् निर्देश प्रदान किये :–

1. (मद सं0:14.02(13.07.03)) के अन्तर्गत गैर राष्ट्रीयकृत बैंकों में संरक्षित धनराशियों में से दिनांक 31.03.2021 को धनराशि रू0 12,00,00,000.00 (रू0 बारह करोड़ मात्र) को राष्ट्रीयकृत बैंक में हस्तानान्तरण किये जाने की कार्यवाही को संज्ञान में लिया गया तथा गैर राष्ट्रीयकृत बैंकों में संरक्षित अवशेष धनराशियों को भी राष्ट्रीकृत बैंक में हस्तानान्तरण किये जाने की कार्यवाही को 01 माह के अन्दर पूर्ण किया जाय।
2. (मद सं0:14.03) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 में श्रेणी(क–अ) में वर्गीकृत वास्तविक व्यय (ग) अन्य भत्तें हेतु रू0 48.00 लाख का बजट प्राविधान के सापेक्ष रू0 52.92 लाख के व्यय में एन0पी0एस0 व्यय की धनराशि को भी सम्मिलित किये जाने के कारण इस मद में रू0 4.92 लाख का व्याधिक्य, इसी प्रकार श्रेणी (क–स) में वर्गीकृत वास्तविक व्यय (ख) महगाई भत्ते हेतु रू0 90.00 लाख का बजट प्राविधान के सापेक्ष रू0 114.81 लाख के व्यय में एरियर व्यय की धनराशि को भी सम्मिलित किये जाने के कारण इस मद में रू0 24.81 लाख का व्याधिक्य एवं (ग) अन्य भत्ते हेतु रू0 60.00 लाख का बजट प्राविधान के सापेक्ष रू0 70.80 लाख के व्यय में एन0पी0एस0 व्यय की धनराशि को भी सम्मिलित किये जाने के कारण इस मद में भी रू0 10.80 लाख का व्याधिक्य को संज्ञान में लेते हुए वास्तविक व्यय पर अनुमोदन प्रदान किया तथा भविष्य के लिए परामर्श है कि निहित मद में प्राविधानित बजट के अन्तर्गत ही व्यय को ध्यान में रखा जाय।
3. (मद सं0: 14.05) के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के आयकर, सर्विस टैक्स, जी0एस0टी0 का मासिक एवं त्रैमासिक रिटर्न जमा कराये जाने एवं बैलेन्स शीट बनाने इत्यादि कार्य हेतु चार्टेड एकाउन्टेन्ट के पैनल में अतिरिक्त चार्टेड एकाउन्टेन्ट को सूचीवद्ध किये जाने हेतु आवेदन प्राप्त करते हुए आगामी वित्त समिति में प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाय।
4. (मद सं0: 14.14.01) के अधीन राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के अंतर्गत अनुदानित धनराशि हेतु बचत खाता खोले जाने के संबंध में समिति के निर्णय दिनांक 18.09.2020 के कम में शासन से निर्देश प्राप्त किये जाने हेतु कार्यवाही की जाय।

**15.03 विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित टेक्यिूप–III परियोजना हेतु विविध व्ययों के लिए विश्वविद्यालय मद से व्यय करने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने सहायतित परियोजना टेक्यिूप–III की कार्यावधि समापन के उपरान्त परियोजना का रिकन्सिलियेशन, आडिट रिपोर्ट, यथा समय बैठकों में प्रतिभाग करने, डाक खर्च एवं स्टेशनरी क्रय आदि के कार्य सम्पन्न कराये जाने की दशा में आने वाले व्यय–भार को विश्वविद्यालय व्यय हेतु प्राविधानित बजट मदों से, प्रस्ताव में प्रस्तावित धनराशि रू0 20,000/– के स्थान पर रू0 50,000/–(रू0 पचास हजार मात्र) व्यय किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

**15.04. हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में शैक्षिक सत्र 2021–22 एवं आगामी शैक्षिक सत्रों में पी0एच0डी0 के नियमित पाठ्यक्रम में प्रवेश क्षमता में प्रवेशित छात्रों को विश्वविद्यालय स्रोतों से स्कालरशिप दिये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने विश्वविद्यालय में शोध कार्य को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से शैक्षिक सत्र 2021–22 एवं आगामी शैक्षिक सत्रों में प्रवेश क्षमता के अधीन पी0एच0डी0 के नियमित पाठ्यक्रम में प्रवेशित छात्रों को विश्वविद्यालय द्वारा रू0 15000/–(रू पन्द्रह हजार मात्र) प्रतिमाह स्कालरशिप दिये जाने तथा वित्तीय वर्ष 2021–22 के बजट प्राविधान पृष्ठ सं0 11 के बिन्दु संख्या–29 के अधीन "**विश्वविद्यालय के सुदृणीकरण/अवस्थापना, प्रयोगशालाओं के रिनोवेशन/फर्नीचर एवं उपकरण के क्रय" मद में** प्राविधानित बजट धनराशि रू0 200.00 लाख में से रू0 75.00 लाख के बजट को एजेण्डा पृष्ठ सं0:11 के बिन्दु सं0: 08 **छात्रवृत्ति/फैलोशिप मद में** प्राविधानित बजट रू0 15.00 लाख में हस्तान्तरण करते हुए कुल बजट रू0 90.00 लाख किये जाने एवं तद्नुसार व्यय हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

**15.05. हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में आवद्ध अतिथि व्याख्याताओं का मानदेय बढ़ाये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा प्रदेश के अन्य शैक्षिक संस्थाओं में अतिथि व्याख्याताओं को दिये जा रहे मानदेय की तुलना में विश्वविद्यालय में आबद्ध अतिथि व्याख्याओं को अनुमन्य किये जा रहे मानदेय के आलोक में एवं विश्वविद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता को उत्कृष्ट बनाये जाने के दृष्टिगत अतिथि व्याख्याताओं का मानदेय बढ़ाये जाने संबंधी प्रस्ताव के क्रम में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली के परिपत्र संख्या: F.25-1/2018(PS/MISC.) dt. 28 January, 2019 को संज्ञान में लिया गया तथा विश्वविद्यालय में आवद्ध अतिथि व्याख्याताओं को रू0 750/–प्रति व्याख्यान/अधिकतम रू0 50,000/–(रू0 पचास हजार

मात्र) प्रतिमाह मानदेय दिये जाने पर कार्य परिषद द्वारा निर्णय लिये जाने हेतु परामर्श/संस्तुति प्रदान की गयी।

**15.06: अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दुओं पर विचार।**

**15.06.01: वित्तीय वर्ष 2021–22 में विश्वविद्यालय द्वारा महिलाओं के लिए सम्पादित होने वाले आउटरीच/विस्तार गतिविधियों और कार्यक्रमों के उद्देश्य को पूर्ति किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार**

समिति द्वारा प्रस्ताव पर सम्यक विचार करते हुए कानपुर नगर की महिला ग्राम प्रधानों, महिलाओं, छात्राओं एवं स्वयं सेवी संस्थाओं की सामाजिक गतिविधियों/दायित्वों को सुगम/सुदृण बनाये जाने के अधीन सम्पर्क स्थापित करने एवं समय–समय पर बैठक, वितरण, भ्रमण एवं सहायता प्रदान किये जाने हेतु वित्तीय व्यय–भार को, विश्वविद्यालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 के बजट में काउन्सिलिंग एवं कन्टीजेन्सी व्यय मद सं0:30, एजेण्डा पृष्ठ सं0: 11 में प्राविधानित बजट धनराशि रू0 25.00 लाख में से व्यय किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

(प्रो0 राम नरेश)
सदस्य–सचिव
वित्त समिति
एच0बी0टी0यू0 कानपुर